प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 26.01.2025

थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा वादी के साथ मारपीट कर फायरिंग करने के अभियोग में वाँछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

कार्यवाही का विवरण:- दिनांक 24.01.2025 को थाना टीलामोड़ पर वादी एडवोकेट कपिल चन्देला द्वारा लिखित तहरीर दी गई और बताया कि अनिल व नितीन शकतपुरा के अन्य 8-10 अज्ञात साथियों द्वारा मुझे घर से खीचकर घर के बाहर मेरे साथ लाठी डण्डों व हथियार से मारपीट की गई। जिससे मैं घायल हो गया तथा मेरे घर के बाहर फायरिंग की गई । जिसके सम्बन्ध में थाना टीलामोड़ पर धारा 115(2),191(2),191(3),109,352,351(2),351(3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए आज दिनांक 26.01.2025 को थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर वादी के साथ मारपीट कर फायरिंग करने वाला 02 वाँछित अभियुक्त 1. मोनू चंदेला पुत्र ज्ञान चन्द उर्फ ज्ञान सिंह निवासी म0न0 12 जाहरवीर मंदिर वाली गली ग्राम भौपुरा थाना टीलामोड़ गाजियाबाद उम्र करीब 38 वर्ष व 2. अनस उर्फ त्यागी पुत्र कय्यूम निवासी अशोक विहार लोनी निकट मदीना मस्जिद थाना लोनी गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष को तुलसी निकेतन छात्रावास के पास टीलामोड़ से गिरफ्तार किया गया। पूर्व में अभियुक्त अनिल कसाना पुत्र श्री ब्रह्मपाल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मोनू चंदेला पुत्र ज्ञान चन्द उर्फ ज्ञान सिंह व अनस उर्फ त्यागी पुत्र कय्यूम उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता:-

1. मोनू चंदेला पुत्र ज्ञान चन्द उर्फ ज्ञान सिंह निवासी म0न0 12 जाहरवीर मंदिर वाली गली ग्राम भौपुरा थाना टीलामोड़ गाजियाबाद उम्र करीब 38 वर्ष।
2. अनस उर्फ त्यागी पुत्र कय्यूम निवासी अशोक विहार लोनी निकट मदीना मस्जिद थाना लोनी गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष।

पूछताछ का विवरण:- गिरफ्तार अभियुक्त मोनू चंदेला पुत्र ज्ञान चन्द उर्फ ज्ञान सिंह व अनस उर्फ त्यागी पुत्र कय्यूम उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि हम दोनों अनिल कसाना के दोस्त हैं। दिनांक 23.01.2025 को अनिल कसाना का जन्मदिन था। जिसमें हम दोनों भी आए हुए थे तथा कपिल चंदेला व अनिल कसाना पहले से ही आपस में अच्छे दोस्त थे और एक साथ काम करते थे लेकिन अब दोनों अलग-अलग हो गये है क्योंकि अनिल कसाना का काम अच्छा चल रहा है तो कपिल चंदेला, अनिल कसाना से चिढ़ता है, उसी दिन रात में कपिल

चंदेला गली में खड़ा हुआ था और हमारे गुर्जर समाज को भला बुरा बोल रहा था, जब हमने उससे मना किया तो वो चला गया था, क्योंकि हम लोग शराब के नशे में थे तो हम दोनों व अनिल कसाना और हमारे साथी 1. वेदू नागर पुत्र श्री बिशम्बर सिंह निवासी ए- 43 डिफेंस कॉलोनी थाना टीलामोड़ गाजियाबाद, 2. विवेक उर्फ विक्की पुत्र जितेन्द्र निवासी राजपुर थाना टीलामोड़ गाजियाबाद व अन्य साथी जो विवेक उर्फ विक्की ने बुलाये थे। हम सब लोग मिलकर कपिल चंदेला के घर गये और कपिल चंदेला के साथ मारपीट कर वहाँ से भाग गये थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः-

- गिरफ्तार अभियुक्त मोनू चंदेला उपरोक्त के विरुद्ध थाना टीलामोड़ पर मारपीट कर फायरिंग करने के सम्बन्ध में 01 अभियोग व थाना साहिबाबाद पर मारपीट के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजाकृत है। कुल 02 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।
- गिरफ्तार अभियुक्त अनस उर्फ त्यागी उपरोक्त के विरुद्ध थाना टीलामोड़ पर मारपीट कर फायरिंग करने के सम्बन्ध में 01 अभियोग व चोरी का माल बरामदगी के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। कुल 02 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

थाना टीलामोड़ पुलिस टीम।